तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 30.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 नपाध्यक्ष-पार्षद के बाद अब उपाध्यक्ष के लिए ...



12 महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन



## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** फुलवारी कला की एक महिला के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बागबाहरा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को बुधिया बाई पति मन्नू राम नेताम ग्राम फुलवारी कला ने बताया कि 14 मार्च की शाम करीबन 5.30 बजे वह अपने घर से बस्ती की ओर जा रही थी। इसी दौरान राधे जगत का लड़का जितेंद्र जगत एवंप खिलेश्वर जगत द्वारा इस रास्ते से आने-जाने के लिए मना करते हुए गाली गलौज और मारपीट करने लगे। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296 ,115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** घोड़ारी स्थित राठी पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घोड़ारी निवासी राजकुमार जांगड़े को राठी पेट्रोल पंप के सामने कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स 9310 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया जिससे उसके सिर, जबड़े, आंख के पास चोट लगी। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल महासमुंद ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद मृत घोषित कर दिया।

### कार की ठोकर से बाइक सवार 3 लोग घायल

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में भंवरपुर क्रॉसिंग के पास बाइक में सवार तीन युवकों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला पहिया फट गया। कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ग्राम बड़ेटेमरी निवासी संजय नेताम (25), जगदेव जगत (42) एवं ग्राम पालीडीह सरायपाली निवासी जगसाय जगत (50) के पैर फ्रेक्चर हो गए। घटना की जानकारी 112 को दी गई। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोरलाइन टोल प्लाजा की 1033 एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची तीनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया।

# पर्व के बाद वापसी का दौर शुरू, यात्री बसों के साथ ट्रेनों में भी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

होली के पर्व के बाद लोगों की वापसी का दौरा शुरु हो गया है। होली पर्व के चलते दो दिनों तक यात्री बस सेवाएं बंद रहने के बाद रविवार से बस सेवा शुरु हो पाई लेकिन, पूरी तरह बसें पटरी पर नही आ पाई हैं। होली की खुमारी के चलते चालक-परिचालकों के नही पहुंच पाने के कारण बस मालिकों के साथ यात्रियों को बसों का इंतजार करते देखा गया। बता दें कि होली पर्व के चलते शुक्रवार और शनिवार को चालक परिचालक अवकाश में रहे। वहीं रविवार से उन्हें अपनी ड्यूटी में पहुंचना था लेकिन, फिर भी 60 फीसदी कर्मचारी ही पहुंच पाए जिसके कारण कुछ रुटों में यात्री बस सेवाएं प्रभावित रहीं। बता दें कि शनिवार देर शाम से बसें सुचारु होनी शुरु हो गई थीं। उल्लेखनीय है कि शहर के बस स्टैंड से लगभग 250 बसें विभिन्न रूटों के लिए रवाना होती हैं। इनमें रायपुर, बागबाहरा, राजिम, सरायपाली, बसना, सिरपुर और कसडोल आदि मार्ग पर चलती हैं। होली के चलते बसों के साथ ऑटो रिक्शा भी नही चलीं।

**होली पर 14 व 15 मार्च को नहीं चली बस, लोगों ने लिया ट्रेन का सहारा :** रायपुर और ओडिशा जाने के लिए रेल माध्यम होने के लिए शनिवार रविवार को ट्रेनों में काफी भीड़ रही। बसों की संख्या अपेक्षाकृत कम होने और भीड़ अधिक होने के कारण लोगों ने ट्रेन से सफर किया।

## चालक-परिचालकों के नहीं पहुंच पाने से कुछ रुटों पर नहीं चलीं बसें

### कल ही खुलेगा सब्जी बाजार

शहर का सब्जी बाजार भी होली के चलते कल मंगलवार से ही सुचारु तौर पर खुल पाएगा। सब्जी व्यापारी संघ के संतोष चंद्राकर ने बताया कि होली पर्व 14 मार्च से लेकर 17 मार्च तक बाजार बंद रहा, सोमवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते अब मंगलवार से ही बाजार खुलेगा वैसे भी होली पर सब्जियों की आवक कम ही रहती है।



### आज से पूरी तरह बहाल रहेगी बस सेवा

बस एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने बताया कि होली पर्व पर चालक अवकाश पर रहते हैं। इस कारण बसें नहीं चली और शनिवार को भी आंशिक तौर पर व्यवस्था में सुधार रहा। रविवार से ही यात्री बस सेवा बहाल हो पाई हैं। वहीं बस सेवाओं के प्रभावित होने से लोग रेल यात्रा की तरफ अधिक ध्यान दे रहे इसके कारण रेलवे स्टेशन में भी लोगों की भीड़ रही।

## विडंबना : शराब दुकान में आग, घोटालों का दे रहा संकेत

# शराब दुकान में लगी आग हादसा या षड्यंत्र, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पूर्व में आग लगने से सामने आने वाले घोटालों के नजरिए से भी जांच होने से होगा खुलासा

शहर के समीप स्थित शराब दुकान में आगजनी की घटना फिर से एक बड़े घोटाले का संकेत दे रही है। दुकान में चोरी की नीयत से घुसे लोगों का दुकान को आग लगाए जाने की हरकत को प्रशासन भी संदेह की दृष्टि से देख रहा है। मामले में जल्द ही आगजनी करने वाले और पूरे घटनाक्रम के पीछे का खुलासा होने की उम्मीद है। आबकारी विभाग मामले को लेकर जांच में जुटा हुआ है। सूत्रों की मानें तो पूर्व में हुई आगजनी की घटनाएं और प्रयासों के पीछे के घोटाले की गंध इस घटना से भी आ रही है।

शहर के नजदीकी तुमाडबरी स्थित कंपोजिट शराब दुकान में होलिका दहन की रात आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड को खबर दी गई। लेकिन, जब तक दमकल कर्मी आग पर काबू पा पाते तब तक लाखों की शराब जलकर राख हो गई। घटना के तत्काल बाद सूचना पर मौके में पहुंचे आबकारी विभाग के आला अधिकारियों ने आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो उन्हें भी आगजनी के इस मामले में षड़यंत्र की गंध आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार तुमाडबरी स्थित देशी व अंग्रेजी मदिरा दुकान के कर्मचारियों ने होली के एक दिन पहले दुकान बंद कर शराब बिक्री की राशि कोतवाली में जमा करा दी थी। रात दोनों मदिरा दुकानों में एक-एक सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी थी।

सुरक्षाकर्मी विजय कुमार साहू ने बताया कि रात करीब 3 बजे दुकान के पीछे से आवाज आई तो पीछे जाकर देखे तो दो लोग सीढ़ी लेकर भाग रहे थे और दुकान के पीछे से धुंआ निकल रहा था। बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड, पुलिस और आबकारी विभाग को दी। फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस को दो डिब्बे पेट्रोल, पाइप व सीढ़ी मिली जिसे जब्त किया।



### शराब दुकान में नहीं थे सुरक्षा के इंतजाम

बता दें कि आबकारी विभाग शासकीय मदिरा दुकान में आग से तत्काल निपटने के लिए या फिर सुरक्षा की दृष्टिकोण से कोई अग्निशमन यंत्र नहीं लगा रखा है और न ही सुरक्षाकर्मी को कोई डंडा या अन्य सामान दिया गया है। सुरक्षाकर्मी खाली हाथ दुकानों की सुरक्षा करते हैं।

### आग लगने के कारणों की हो रही जांच

आबकारी अधिकारी निधीष कोष्ठी ने बताया कि आग लगने के कारणों के साथ पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। सहायक आबकारी अधिकारी दीपक ठाकुर ने कहा है कि जांच में सामने आए तथ्यों के बाद जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयासों पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

त्यौहार के ठीक एक दिन पहले ओंकारबंद के पास एनएच 353 पर हुई सड़क दुर्घटना ने एक बार फिर ब्लैक स्पॉट और इन स्थानों पर दुर्घटना रोके जाने के लिए होने वाले प्रयासों पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। हाल ही में जिस स्थान पर दुर्घटना हुई वहां कई और बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में यह स्थान सूची से बाहर है।

बता दें कि नेशनल हाइवे पर सफर करना काफी खतरनाक हो गया है। एनएच-53 पर वाहनों की स्पीड व मौत भी बेकाबू हो गई है। 2024 में एनएच-53 पर 81 और एनएच-353 पर 34 लोगों की मौत हुई थी। 2025 में एनएच-53 पर दो माह में 25 दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 24 लोगों की मौत हो चुकी है और 58 लोग घायल हुए हैं। एनएच-353 पर 2025 में 17 दुर्घटनाएं हुई हैं और 9 लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा सुविधाएं होने के बावजूद एनएच - 53 में फोरलेन पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। तमाम सुविधाओं के बाद भी दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। एनएच-353 पर कोई विश्राम गृह नहीं है और न ही सड़क बहुत ज्यादा चौड़ी है। इसके बाद भी फोरलेन की तुलना में हादसे कम हैं। यातायात शाखा से मिली जानकारी के अनुसार फोरलेन पर वाहनों का दबाव ज्यादा है। रोजाना हजारों की संख्या गाड़ियां चलती हैं। स्पीड और अनियंत्रित ड्राइविंग के कारण हादसे हो रहे हैं।

### दो माह में 53 लोगों की मौत

जिले में केवल दो ब्लैक स्पॉट हैं। कोडार काष्ठागार के पास व बागबाहरा के मौलीगुड़ा के पास ब्लैक स्पॉट है। जहां सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। हर साल ब्लैक स्पॉट बनाए जाते हैं और वहां रंबल स्ट्रीप, लाइट व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है। कुछ ब्लैक स्पॉट को सूची से हटा दिया गया है। दो माह में सड़क दुर्घटनाओं में 59 लोगों की मौत हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार जनवरी माह में 60 दुर्घटनाओं में 39 मृत और 85 घायल हुए हैं। फरवरी माह में 27 दुर्घटनाओं में 14 मृत और 47 घायल हुए हैं। लगातार सड़क हादसे में लोगों की जान जा रही है, लेकिन हादसों को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले में ब्लैक स्पॉट की संख्या भी घटकर दो ही रह गई है। 2024 में भी कुल 471 दुर्घटनाए हुई थी। इसमें कुल 282 लोगों की मौत हुई।

### हादसों को लेकर संजीदगी कम, चालानी कार्रवाई में ज्यादा

यातायात विभाग हादसों को रोकने के लिए जागरुकता अभियान की खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं करता। बल्कि, चालानी कार्रवाई को लेकर बड़ी मुस्तैदी से शहर के आउटर में चालानी कार्रवाई करते नजर आते हैं।

### पराली जलाने लगाई आग से ट्रैक्टर ट्रॉली व धान के कट्टे क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम बिहाझर में को पराली जलाने के लिए लगाई गई आग समीप ही स्थित राईस मिल तक जा पहुंची। इससे राईस मिल के परिसर में रखे दो ट्रैक्टर ट्रॉली सहित शेड में रखा हुआ धान और भूसा भी आग की चपेट में आ गया जिससे तकरीबन 5 से 7 लाख रुपए की क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पराली में शुक्रवार दोपहर को आग लगाई गई। जिसके बाद आग फैलते हुए राईस मिल तक जा पहुंची। जिसने मिल के खुली जगह में पड़े भूसा आदि व धान के शेड के पास खड़ी दो ट्रॉलियों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर मिल मालिक और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और तीन घंटे में आग पर काबू पाया। मिल मालिक मनोज अग्रवाल ने बताया कि आग धान की छल्लियों के भीतर भी आग पहुंच गई, जिस पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।

## मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सुनील कुमार ठाकुर निवासी वार्ड नं 6 लालपुर बागबाहरा ने बताया कि 15 मार्च को वह अपने बड़े पिता के खेत में लगे बोर में नहाने के लिए जा रहा था और आम बगीचा के पास वह अपने दोस्तों के साथ रंग गुलाल खेल रहा था, तभी कृष्णा ध्रुव और गोलू ठाकुर वहां पर आए और आपस में गाली गलौज करने लगे। जिसे उसने मना किया गया। उसके बाद जब नहाने के लिए जा रहा था, तभी कृष्णा ध्रुव ने पीछे से लात से मारा जिससे वह गिर गया, जब वह फिर उठकर जाने लगे तब कृष्णा ध्रुव ने डंडे से फेककर मारा। जब उसका भतीजा निखिल ठाकुर मारपीट को देखकर छुड़ाने आया तो उसके साथ भी आरोपी कृष्णा ध्रुव एवं गोलू ठाकुर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद डर से भागते हुए हम दोनों डेमन साहू के फार्म हाऊस में जाकर कमरे में घुस गये और दरवाजा बंद कर दिये। आरोपी पीछा करते हुए फार्म हाऊस आ गए। डेमन साहू की पत्नी रेणुका साहू ने आरोपियों को बाहर जाने लगा तब उनके द्वारा रेणुका साहू को झटका देकर गाली गलौज करते हुए हम लोगों को कमरे से निकालने के लिए दबाव डालने लगे। इसी बीच चंद्रहास साहू ने आरोपियों को समझाने के प्रयास किया लेकिन उसके साथ भी मारपीट किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पिथौरा में विकासखंड स्तरीय खेल स्पर्धा का आयोजन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नेहरु युवा केंद्र महासमुंद एवं चंद्रपाल डडसेना शासकीय महाविद्यालय पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं सरस्वती माँ के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एव माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 12 पार्षद रामकुंवर सिन्हा ने कहा कि खेल में हर जीत होती रहती है। सभी को खेलना जरुरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. शब्नुर सिद्धिकी ने कहा कि ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्साकस्सी, दौड़, गोलाफेंक का कार्यक्रम किया गया। डॉक्टर एस दीवान ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का महत्वपूर्ण है। खेलकूद करते रहने से हमारा शरीर मजबूत रहता है। कार्यक्रम ईश्वर पटेल, मुकेश निषाद, रमेश तिवारी, जितेश पटेल उपस्थित रहे। विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महिला वर्ग रस्सा कस्सी प्रथम स्थान डोमेश्वरी पटेल एवं टीम, द्वितीय संगीता साहू एवं टीम, महिला वर्ग 100 दौड़ में प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय स्थान वर्षा साहू, गोला फेंक में प्रथम स्थान डोमेश्वरी पटेल, द्वितीय स्थान अन्नू बरिहा , पुरुष वर्ग कबड्डी प्रथम रविकुमार भोई एवं टीम द्वितीय स्थान नितेश ठाकुर एवं टीम, 200 दौड़ में प्रथम विजय कुमार, द्वितीय ललित कुमार, गोला फेंक में प्रथम आकाश निषाद, द्वितीय स्थान ओमकार दीवान प्राप्त किया गया। रेफरी का भूमिका राज साहू, मिथलेश ध्रुव द्वारा निभाया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल, प्रमाण पत्र एवं खेल पुरस्कार सामान भी दिया गया। अशोक चक्रधारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ईश्वर पटेल, मुकेश निषाद, कृष्णा साहू, गजेंद्र सिन्हा, केशव चेलक आदि मौजूद रहे।



# होली पर्व पर बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

कंडों से होली जलाकर बड़गांव के स्कूली छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों को कंडों की होली जलाने के लिए प्रेरित किया, जिससे पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके तथा प्रदूषण से बचा जा सके। साथ ही हमारा पर्यावरण और जल संसाधन समृद्धि हो सके। ग्राम बड़गांव के स्कूली बच्चों ने होली उत्सव को गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही बच्चे होली के मस्ती में सराबोर होकर एक दूसरे पर रंग और गुलाल लगाया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को सूखी होली तथा हर्बल होली खेलने के फायदे बताए। पश्चात होली उत्सव को मनाने के उद्देश्य और होलिका दहन की कहानी भी छात्रों को सुनाई गई और भारत में तेजी से फैल रही वायरस के संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।

## चौक-चौराहों पर रही पुलिस की मौजूदगी, जिले में शांतिपूर्ण मनाया गया पर्व

# छुटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण रहा होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में शुक्रवार को रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया गया। मारपीट, झगड़ा की छिटपुट घटनाओं को छोड़ होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया।

शुक्रवार को पूजा-अर्चना के बाद रंग-गुलाल के साथ लोग घरों से निकले और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और विभिन्न पकवानों का आनंद लिया। इस दौरान शहर की गलियों और कॉलोनियों में महिला-पुरुषों की अलग-अलग टोलियां घूम रही थीं। त्योहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही बच्चे रंग और पिचकारी लेकर मोहल्ले और कालोनी में होली के रंग में सराबोर रहे। डीजे और फाग गीत और नगाड़ों की धुन में सभी थिरकते रहे। शांतिपूर्ण होली के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। शहर के चौक-चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी नजर आई, पेट्रोलिंग पार्टी हर गली-मोहल्लों में पेट्रोलिंग करती नजर आई।



### होलिका दहन में भद्रा का साया

शहर सहित ग्रामीण अंचल में होली के एक दिन पहले गुरुवार को होलिका दहन के साथ ही होली का रंग चढ़ने लगा। बता दें कि पंचांग के अनुसार इस साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि गुरुवार सुबह 10.40 बजे से 14 मार्च की दोपहर 12.23 तक रही। गुरूवार को भद्रा पूंछ शाम 6.58 बजे से रात 8 बजकर 15 मिनट तक रहा। इसके बाद 10.25 तक समाप्त हुआ और रात 11.25 से 12.30 बजे के बीच होलिका दहन किया गया।



ईडब्लूएस कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई होली।

### पुलिसकर्मी दूसरे दिन भी नहीं खेल पाए होली

हर बार की तरह होली के दूसरे दिन थानों में रंग गुलाल नहीं उड़ पाए जिसका जिले भर के पुलिस कर्मियों को काफी मलाल रहा। अपनी व्यथा बताते हुए पुलिस कर्मियों ने बताया कि एक पुलिस अफसर ने होली के दूसरे दिन भी कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए और शांति भंग होने के आसार बताते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगे बल की ड्यूटी को आगामी आदेश तक जारी रखे जाने से पुलिस कर्मी अपने-अपने घरों को या थाना क्षेत्रों में लौट नहीं पाए जिसके कारण पुलिस वालों की होली नहीं हो पाई।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# किसानों को बेचे गए बीज के 205 सैंपल लिए, जांच के लिए 140 लैब भेजे, इनमें 15 मिले अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि विभाग रायपुर ने रबी सीजन के दौरान किसानों को बेचे गए बीज, उर्वरक, पौध एवं जैव के लिए गए सैंपल में 15 अमानक पाए गए।

इनमें बीज के 4, पौध के 2 तथा उर्वरक एवं जैव के 4-4 सैंपल हैं। विभाग द्वारा रबी सीजन में कुल 204 सैंपल लिए गए थे, जिनमें 140 सैंपलों को जांच के लिए लैब भेजा गया था। इस जांच में 189 सैंपल मानक पाए गए हैं, वहीं 15 अमानक मिले।



### 3 बीजों के लॉट की बिक्री पर रोक

लैब में जांच के दौरान कुल 15 सैंपल अमानक मिले। इनमें बीज और उर्वरक के अमानक सैंपल मिलने पर कृषि विभाग ने इन दोनों बीज से संबंधित लाट की बिक्री पर भी तत्काल रोक लगा दी गई थी। इसके साथ ही अमानक मिले सैंपल पर संबंधित केंद्रों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की गई।

**मानक-अमानक-लंबित सैंपल के आकड़े**

| | कुल सैंपल | मानक सैंपल | अमानक सैंपल | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| बीज | 57 | 52 | 5 | 0 |
| पौध | 64 | 13 | 2 | 49 |
| उर्वरक | 52 | 48 | 4 | 0 |
| जैविक खाद | 31 | 27 | 4 | 0 |

### 3 लॉट पर लगाई रोक

जांच में जितने सैंपल अमानक मिले हैं, उनमें 3 सैंपल के लाट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इस मामले में नोटिस जारी किया गया है।

- **आरके कश्यप,** डीडीए, कृषि विभाग रायपुर

### सैंपल लेने का लक्ष्य पूरा नहीं

कृषि विभाग ने रबी सीजन में बीज में 65 सैंपल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसकी तुलना में 57 सैंपल लिए गए। इसी प्रकार पौध के 77 सैंपल के एवज में 64 एवं उर्वरक के 55 में 52 सैंपल लिए गए। इस तरह इन तीनों में सैंपल लक्ष्य से कम लिए गए। हालांकि जैव के लक्ष्य से अधिक सैंपल लिए गए। जैव के 25 सैंपल लिए जाने थे, पर 31 लिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती से रेप, की मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमलीडीह निवासी युवती ने रंजन कुमार साहू के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि रंजन ने उससे शादी करने का झांसा देकर रेप को अंजाम दिया। शादी करने दबाव बनाने पर रंजन ने युवती से शादी से इंकार कर दिया और उसके साथ मारपीट की।

### मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अंश माधिका ने जितेंद्र कुमार शर्मा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अंश ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र ने उस पर मजदूरों को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट की है।

### पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुदामा नगर निवासी कुंती मरकाम ने प्रमिका, रेणुका, राधा तथा नागेश मरकाम के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कुंती ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते चारों ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। दूसरे पक्ष के लोगों ने कुंती तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### कार किराए पर लेकर की अमानत में खयानत

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ कार किराए पर लेकर वापस नहीं कर अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुंदर नगर निवासी अनूप तिवारी ने आमिर मिर्जा बेग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दिए 10 लाख

**रायपुर।** 9 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविदास समाज द्वारा रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने शामिल होकर रविदास समाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा महिला हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में वे संकोच न करें, राज्य शासन किसी के साथ कोई भी भेदभाव नहीं करता। समाज प्रमुख की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख रुपये उनके विधानसभा क्षेत्र जहां रविदास समाज निवासरत हैं कि महिलाओं के लिए महिला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की।

**स्वच्छता सर्वेक्षण : वार्डों में मलबा एकत्रित करने बनाए कलेक्शन सेंटर**

# खुले स्थानों पर डाल रहे मलबा, निगरानी का सिस्टम फेल, केंद्रीय टीम की रहेगी नजर

**नगर निवेश के इंजीनियरों को निगरानी का जिम्मा**

**धूल और वायु प्रदूषण का बढ़ा खतरा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्डों में मलबा एकत्रित करने नगर निगम द्वारा बनाए गए कलेक्शन सेंटर की निगरानी नहीं होने से शहर में निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान निकलने वाला मलबा सड़क पर खुले में फेंका जा रहा है। इससे आम जनता को जहां आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं बेतरतीब बिखरे मलबे से धूल और वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा है, जबकि निगम प्रशासन ने अलग-अलग वार्डों में बनाए गए मलबा कलेक्शन सेंटर के निगरानी की जिम्मेदारी नगर निवेश विभाग के इंजीनियर को दी है। साथ ही संबंधित जोन के जोन कमिश्नरों को नियम आयुक्त निर्देशित भी कर रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो स्वच्छता सर्वेक्षण में केंद्रीय टीम के सामने फजीहत होते देर नहीं लगेगी। दरअसल शहर में निर्माण और तोड़फोड़ कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाले मलबे को सड़क पर एकत्रित करने की जगह अब एक निश्चित जगह संग्रहित करने निगम प्रशासन ने वार्डवार मलबा कलेक्शन सेंटर बनाया है। कलेक्शन सेंटर के अलावा किसी भी अन्य स्थान पर मलबा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, ताकि खुले में मलबा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगे। मलबा कलेक्शन सेंटर में एकत्र निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट को हीरापुर के प्रसंस्करण यूनिट में परिवहन कर फिर से उपयोग लायक बनाया जाए।

### मलबा कलेक्शन के लिए इन जगहों पर बनाए गए सेंटर

- माधवराव सप्रे वार्ड-लिमही तालाब के पास साहू समाज भवन के समीप इंद्रप्रस्थ रोड रायपुरा
- भक्त कर्मा माता वार्ड- पीएस सिटी, विनायक सिटी के पास
- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड- दलदल सिवनी इंदिरा स्मृति वन के बाजू में, सड्डू अवीवा उद्यान के सामने वाली जगह।
- तात्यापारा वार्ड - नेमीचंद गली, अग्रसेन चौक के पास भैंसथान मैदान
- बालगंगाधर तिलक वार्ड - जनता कॉलोनी पानी टंकी के पास
- मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड - जनता कॉलोनी पानी टंकी के पास
- संत रामदास वार्ड दिशा कॉलेज के पास रामनगर मुक्तिधाम कृष्णा नगर
- बाबू जगजीवन राम वार्ड - देवपुरी बस्ती, महात्मा गांधी नगर नाला महावीर नगर अमलीडीह
- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड - डूंडा स्कूल के पास
- पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड - वीआईपी रोड फुंडहर गोठान के पास, राजीव स्मृति वन के पीछे
- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड - संतोषी नगर चौक से तरूण बाजार चौक, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, दुर्गा मंदिर के आगे मठपुरैना
- श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड - रावतपुरा फेस 1 सामुदायिक भवन रोड शासकीय स्कूल के पास पानी टंकी मठपुरैना
- चंद्रशेखर आजाद वार्ड - चौरसिया कॉलोनी गोठान के पास
- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड - सीएसईबी कॉलोनी डगनिया पानी टंकी शासकीय स्कूल के पास
- रानी लक्ष्मीबाई वार्ड - अशोका रतन पाम ब्लाजियो के सामने, शंकर नगर अशोका रतन रोड
- यतियतन लाल वार्ड - भनपुरी रोड बेस्ट प्राइज शॉपिंग मॉल भनपुरी गोठान

# फर्जी आईडी से 19 लाख की ठगी, फेक अकाउंट बनाकर दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई

कंपनी की मिलती जुलती ई-मेल आईडी बनाकर 19 लाख रुपए ठगी करने के मामले में एक अनाज तथा स्टील कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ आजाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी को अपने साथ ठगी की जानकारी तब मिली, जब उसके पास कंपनी प्रबंधन ने रकम नहीं मिलने की शिकायत की। कारोबारी की शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। समता कॉलोनी स्थित आर्यन राइस इंडस्ट्रीज की ओर से नारायण लाटा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। नारायण ने पुलिस को बताया कि रायगढ़ स्थित नलवा स्टील एंड पॉवर लिमिटेड से आर्यन राइस इंडस्ट्रीज का सौदा तय हुआ था। सौदा तय होने के बाद 10 मार्च को नारायण के मेल आईडी में पैसा भेजने गुलशन डॉट प्रजापति एट द रेट नलवा डॉट कॉम से ई-मेल आया। ई-मेल के आधार पर नारायण ने 19 लाख रुपए आरटीजीएस कर दिए। रकम ट्रांसफर करने के दूसरे दिन नलवा स्टील प्रबंधन ने पैसे नहीं मिलने की शिकायत की। जांच करने पर ई-मेल अकाउंट फर्जी पाया गया, जिसके अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है। वह अकाउंट जमशेर खान के नाम से है।

### शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक युवक ने शराब दुकान के सेल्समैन तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बेमेतरा निवासी टोपेश्वर साहू ने श्याम सुंदर तथा उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। टोपेश्वर ने पुलिस को बताया है कि वह मेटल पार्क स्थित शराब दुकान में शराब खरीदी करने लाइन में लगा था। उसकी बारी आने पर शराब दुकान के सेल्समैन श्याम सुंदर ने उसे शराब नहीं देने की बात कहते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर शराब दुकान के सेल्समैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर टोपेश्वर के साथ मारपीट की।

# बिहार से रेस्क्यू 42 बच्चे रायपुर लाए गए, पुलिस-सीडब्लूसी की टीम करेगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रेस्क्यू किए गए बच्चों में तीन लड़के 39 लड़कियां शामिल

बिहार के रोहतास जिले के रेड लाइट एरिया से रेस्क्यू की गई बच्चियों को लेकर पुलिस टीम होली के एक दिन पूर्व गुरुवार को रायपुर लेकर पहुंची। सभी को सड़क मार्ग से लाया गया। बच्चों के आने की उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। जिन बच्चों को रेस्क्यू कर लाया गया है, उनमें तीन लड़के तथा 39 लड़कियां शामिल हैं।

एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के मुताबिकख बच्चों को रेस्क्यू कर लाने के बाद सीडब्ल्यूसी को सौंपा जाएगा। साथ ही बच्चों से पुलिस के अफसर सादी वर्दी में अलग से पूछताछ करेंगे। पुलिस की पूछताछ के बाद सीडब्ल्यूसी के अफसर पूछताछ करेंगे। जरूरत पड़ने पर बच्चों की काउंसिलिंग कराई जाएगी। साथ ही बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने वालों के बारे में जानकारी जुटाकर उनके खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### परिजनों के खिलाफ भी हो सकती है कार्रवाई

नाच-गाने या देह व्यापार से जुड़े लोगों को बेचे जाने की पुष्टि होने पर, परिजनों की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस कार्रवाई उन पर भी कार्रवाई करेगी। इसके अलावा पुलिस बच्चों की मदद से राज्य में मानव तस्करी करने वालों के संबंध में जानकारी जुटाकर उन पर शिकंजा कसेगी।

### बालिका गृह में रखने की व्यवस्था की जाएगी

सीडब्ल्यूसी के अफसर बच्चों के परिजनों से बात करेंगे। परिजनों की बात से संतुष्ट होने के बाद बच्चों को उनके सुपुर्द किया जाएगा। अन्यथा बच्चों को बालिका गृह में रखने की व्यवस्था की जाएगी। परिजन अपने बच्चों को दोबारा नाच-गाने तथा देह व्यापार में नहीं भेजें, इसके लिए परिजनों की काउंसिलिंग की जाएगी।

# वन विभाग का 'वनतारा' प्रेम बायसन गिफ्ट किया, बदले में मिली सिर्फ डिजीटल एक्सरे मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक वर्ष पूर्व तीन बायसन वनतारा को कानन-पेंडारी जू ने गिफ्ट किए थे
- सफेद भालू देने का मामला सामने आने के बाद भालू शिफ्टिंग का मामला अटका

गुजरात में अनंत अंबानी के वनतारा का अधिकृत तौर पर उद्घाटन हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और इधर छत्तीसगढ़ वन विभाग का उसके प्रति प्रेम चरम पर पहुंच गया है। यही वजह है कि वनतारा को वन्यजीवों से गुलजार करने छत्तीसगढ़ वन विभाग के अफसर दिल खोलकर वन्यजीव देने के लिए तैयार बैठे हैं। वनतारा को विभाग जेब्रा, मीरकैट के बदले जंगल सफारी रेयर प्रजाति के वन्यजीव सफेद भालू देने को राजी हो गया। इसके पूर्व कानन पेंडारी जू से एक वर्ष पूर्व वनतारा को तीन बायसन गिफ्ट के रूप में दिए जा चुके हैं। इसके बदले विभाग को एक्सरे मशीन ही मिल सकी है।

दरअसल वनतारा प्रबंधन ने सीजेडए से अनुमति लेकर कानन पेंडारी जू से तीन बायसन देने अनुमति प्राप्त की। कानन पेंडारी प्रबंधन सीजेडए की अनुमति देख बगैर किसी विरोध के वनतारा प्रबंधन को तीन बायसन देने के लिए राजी हो गया।

### बायसन के बदले मिली एक्सरे मशीन

बायसन देने के तीन माह बाद वनतारा प्रबंधन ने कानन पेंडारी को बायसन के बदले एडवांस टेक्नालॉजी के पोर्टेबल डिजीटल एक्सरे मशीन दी। उक्त एक्सरे मशीन को कानन पेंडारी प्रबंधन वनतारा से गिफ्ट मिलना बता रहे हैं। इसे लेकर वन्यजीव प्रेमी प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। जिस बायसन को वनतारा जू को गिफ्ट किया गया है, उक्त बायसन को कानन पेंडारी प्रबंधन वर्ष 2017 में हैदराबाद जू से लेकर आया था। इस संबंध में कानन पेंडारी प्रबंधन का तर्क है कि उनके जू में बायसन की संख्या अधिक हो गई थी। इस वजह से उन लोगों ने वनतारा प्रबंधन द्वारा मांगे जाने पर बायसन गिफ्ट किया है।

# तीन साल बाद ठेलों और फुटपाथ पर लौटी लहसुन, दाम 80 से 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ लहसुन की बीते साल ही कीमत 400 से 500 रुपए रही है चिल्हर में

लहसुन के दाम में लंबे समय बाद अब राहत का तड़का लगा है। तीन साल बाद एक बार फिर से राजधानी के फुटपाथ और ठेलों पर लहुसन बेचने वाले नजर आ रहे हैं। तीन साल पहले जब लहसुन के दाम बहुत ज्यादा कम थे, तब फुटपाथ और ठेलों पर लहसुन 50 रुपए में डेढ़ किलो बिक रही थी, इस समय तीन साल पहले जितनी कीमत तो कम नहीं है, लेकिन बीते दो साल से जिस तरह से लहसुन के दाम आसमान छू रहे हैं, उससे कीमत बहुत कम है।

इस समय फुटपाथ और ठेलों पर लहसुन चिल्हर में 80 से 100 रुपए में मिल रही है। 80 रुपए में जहां छोटी साइज है, वहीं 100 रुपए में बड़ी साइज की लहसुन मिल रही है। बीते साल ही दिसंबर में कीमत 400 रुपए किलो थी, लेकिन अब नई फसल आने से दो साल बाद लहसुन वापस पुरानी कीमत पर लौटी है। दो साल पहले लहसुन की कीमत 25 से 30 रुपए पाव और 100 रुपए किलो थी। महंगाई से आम आदमी परेशान है। लगातार महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में अगर किसी सामान की कीमत कम होती है तो आम आदमी को राहत महसूस होती है। हालांकि आमतौर पर महंगे सामान की कीमत इतनी जल्दी कम नहीं होती है। कीमत कम होने के बाद कब इसमें मुनाफाखोरी के कारण कीमत में इजाफा कर दिया जाए, कहा नहीं जा सकता। कारोबारी मुनाफाखोरी से बाज नहीं आते।

### वापस पुरानी कीमत पर लौटी लहसुन

लहसुन की कीमत बीते दो साल तक 400 रुपए से लेकर 500 रुपए किलो रही है। बीते साल भी कीमत चिल्हर में 500 रुपए तक गई थी। थोक में इसकी कीमत चार सौ रुपए तक रही है। बीते साल दिसंबर से कीमत कम होने लगी थी, लेकिन चिल्हर में इसकी कीमत कम नहीं हो रही थी। अब नए साल में चिल्हर में भी कीमत बहुत कम हो गई है, क्योंकि लहसुन की नई फसल आने के बाद इसकी आवक भी ज्यादा हो रही है। पहले जनवरी में इसकी कीमत दो सौ रुपए हुई और अब फरवरी में इसकी कीमत पहले जैसी हो गई है। अब मार्च में तो कीमत और कम हो गई है। इस समय थोक में छोटी साइज की लहसुन के दाम 50 से 60 रुपए हैं। इसी के साथ बड़ी साइज की लहसुन थोक में 80 रुपए में मिल रही है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो यह किलो में 80 से 100 रुपए में मिल रही है। एक पाव लेने पर इसके 25 से 30 रुपए लग रहे हैं।

# जल संकटग्रस्त तीन हजार से ज्यादा गांवों को मिलेगा नदी का मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 3 हजार से ज्यादा गांव अभी भी भीषण जलसंकट का सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत इन गांवों को पानी मुहैया कराने की एक खास योजना को लागू कर दिया है। इसके फलस्वरूप जिन गांवों को अब तक खारा पानी भी नहीं मिल पा रहा था, उन गांवों को अब नदी का मीठा पानी मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में भूजल संकट से घिरे गांवों की पहचान के बाद 3234 गांवों को जल्द इस समस्या से निजात मिल जाएगी। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने इन गांवों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल के लिए बहु ग्राम योजना लागू की है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि इस योजना के पूरा होने पर 3234 गांवों में नदी का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। इससे अब तक खारे पानी के लिए भी तरस रहे इन गांवों के 10 लाख से अधिक परिवारों को मीठा जल मिल सकेगा।

इसके लिए प्रदेश में कुल 4527 करोड़ रुपए की लागत से 71 मल्टीविलेज योजनाओं का काम शुरू किया गया है। सरकार ने इन गांवों में आपूर्ति किए जाने वाले पानी की क्वालिटी सुनिश्चित करते हुए सभी मल्टी विलेज योजनाओं को समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की बैठक में मल्टीविलेज योजना लागू करने की मंजूरी दी गई थी।

यह योजना भूजल संकट से प्रभावित 18 जिलों के 3234 गांवों में लागू की गई है।

इन गांवों में भूजल या तो पूरी तरह से खारा हो गया है या पानी में भारी तत्वों की मौजूदगी मिलने के अलावा कुछ गांवों में भूजल स्तर खतरे के निशान से भी नीचे चला गया है। इन गांवों में मल्टीविलेज योजनाओं के माध्यम से स्थानीय नदियों का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। योजना के माध्यम से 3234 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।


**सेंट्रल सेक्टर पर अब निर्भरता घटी**

# बढ़ती खपत के कारण अब दूसरे राज्यों से भी ले रहे पांच सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। इस समय पीकऑवर में खपत छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो रही है। ऐसे में बिजली की आपूर्ति के लिए सेंट्रल सेक्टर से तो बिजली मिल ही जाती है, लेकिन सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर साढ़े तीन हजार मेगावाट ही है। ऐसे में अब सेंट्रल सेक्टर पर निर्भरता कम करने के लिए दूसरे राज्यों के बैंकिंग में पांच सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली ली जा रही है। ऐसे में अब सेंट्रल सेक्टर से कम बिजली लेनी पड़ रही है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेश भर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्रॉफ लगातार बढ़ रहा है।



### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

### अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। इसी के साथ दूसरे राज्यों से पांच सौ मेगावाट बिजली लेने के कारण तीन हजार मेगावाट बिजली हो जा रही है। खपत के हिसाब से बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से ली जा रही है। पॉवर कंपनी के पास तीन हजार मेगावाट बिजली होने के कारण खपत 65 सौ भी जाने पर आसानी से सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली मिल जाएगी।

## खबर संक्षेप



### स्कूल में मनाई गई होली

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली से एक दिन पहले शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों को गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। प्राचार्य आर सिन्हा ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारा को बढ़ाता है। इस सभी लोग आपसी भेदभाव को भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। कार्यक्रम में विवेक रहटगांवकर, संजय मांझी, देवेंद्र शर्मा, पुराणिक डड़सेना, तुलसी साहू, कीर्तन साहू, खोमन चंद्राकर, आशीष देवांगन , हेमंत खुंटे, मधुमति चंद्राकर, नीलिमा राजपूत, भारती यादव, नोबल ध्रुव, दुर्गेश नंदिनी यदु, बेला मारु सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



### नपाध्यक्ष ने किया राजिम भक्तिन का दर्शन

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पदभार ग्रहण पश्चात राजिम स्थित संत माता राजिम भक्तिन के दर्शन कर नगरवासियों की खुशहाली की कामना की। उनके साथ युवा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### निधन

#### बुधराम साहू



**महासमुंद।** वार्ड नंबर 1 शंकर नगर रायपुर रोड निवासी बुधराम साहू (76 वर्ष) का निधन हो गया। वे पोखन साहू, कमल साहू पिता थे। अंतिम संस्कार ग्राम खरोरा के मुक्तिधाम में किया गया।

## कोकड़ी में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया होली का पर्व



**नर्रा।** ग्राम कोकड़ी में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सभी वर्ग के लोगों में दिखा उत्साह एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल, ग्राम के प्रमुख हेमसागर पटेल, पुनऊराम पटेल, डीकुमार चौरे, खिलावन विश्वकर्मा, गैंदराम दीवान, पोखन महानंद आदि मौजूद रहे।

## होली त्योहार धूमधाम से मनाया गया



**महासमुंद।** रंगों का पर्व होली त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम खरोरा में होली रंगों का और उत्साह का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। भारतीय संस्कृति में होली का अलग ही महत्व है। होली से पहले लोगों पर रंग चढ़ने लगा है। एक दूसरे को चंदन का टीका और अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर ने कहा कि होली का पर्व पर बच्चे से लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह देखा गया।

## देवी-देवताओं की पूजा कर किया गया होलिका दहन



**नर्रा।** अंचल में गुरुवार आधी रात के गांवों में शुभ मूहुर्त पर पूजा अर्चन कर होलिका दहन किया गया। वही शुक्रवार सुबह से रंगोत्सव को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। सभी वर्ग के लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस पर्व पर ग्रामीण अपने ईष्टदेव को पूजन अर्चनकर सुख-शांति की कामना करते हैं। इस तरह बागबाहरा विखं के अंतिम छोर के ग्राम झिटकी में गांव की देवी-देवताओं की पूजा करने के बाद होलिका दहन किया गया।

# होली मिलन समारोह में जमकर उड़े रंग गुलाल, फाग गीत की धुन पर विधायक सहित भाजपा नेता भी झूमे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेताओं सहित आसपास शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आम जन भी शामिल हुए। इस समारोह में जमकर रंग गुलाल उड़े और फाग गीत की धुन में नेतागण झूमने लगे।

शनिवार शाम 4 बजे समारोह शुरू हुआ, इससे पहले ही लोगों का कार्यालय में आगमन शुरू हो गया था। कुछ ही देर में होली खेलने जनसैलाब उमड़ पड़ा। एक तरफ फाग गीतों की धुन तो दूसरी तरफ लोग एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाते रहे। आए हुए सभी लोगों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को रंग लगाया और पर्व की बधाई दी। विधायक सिन्हा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और उनके साथ जमकर होली का आनंद लिया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है। होली को बसंत महोत्सव, रंगों का त्यौहार और प्रेम व भाईचारे का प्रतीक जैसे कई नामों से जाना जाता है। यह त्यौहार धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। होली के दिन लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। यह पर्व आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट रहने का संदेश देता है। यह पर्व एकता का पर्याय है लेकिन, हमें हमेशा एकता का संदेश समाज और देश में फैलाना चाहिए। देश में एकता और भाईचारा बहुत ही जरूरी चीज है।

इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, डिगेश्वरी चंद्राकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ नेता माधवराव टांकसाले, रमेश साहू, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, मुन्ना साहू, अनिता रावटे, अरुणा शुक्ला, पवन पटेल, सुनिता देवांगन, हरवंश सिंह (नानू भाई), देवीचंद राठी, शुभ्रा शर्मा, सीता डोंडेकर, माखन पटेल, पीयूष साहू, निश्चय चंद्राकर, सुनैना ठाकुर, भारती चंद्राकर, मनीष शर्मा, हुलसी चंद्राकर, मीना वर्मा, संदीप घोष, राजेंद्र चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, हनीश बग्गा, ऋषभ बाफना, पप्पू ठाकुर, अमित साहू, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, मैना कोसले, डिगेश साहू, अभिषेक पांडे, जितेंद्र चंद्राकर, गुड्डा सिन्हा, सुनिता साहू, हेमकांति देवांगन, कुबेर यदु, भैरव पाल सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्तागण और आमजन उपस्थित थे।

## निषाद समाज का होली मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ निषाद समाज शहरी संगठन महासमुंद ने होली मिलन समारोह शनिवार शाम 4 बजे रखा गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी व सामाजिक जन उपस्थित होकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि प्रदेश उपसंगठन सचिव नंद कुमार निषाद का फूलमाला गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। निषाद ने अपने उद्बोधन में शहर संगठन को एकजुट होकर चलने सामाजिक स्तर में छोटी-छोटी कार्यक्रम होली मिलन, दिवाली मिलन, गुहा निषाद राज जयंती, कलश यात्रा आदि के लिए प्रेरित किया। प्रदेश संगठन के तत्वावधान में अप्रैल-मई में होने वाले प्रदेश वार्षिक सम्मेलन एवं 51 जोड़े शादी की कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस अवसर पर गायत्री निषाद अध्यक्ष, राजेश निषाद, मुकेश निषाद, राजकुमार निषाद, दाऊ लाल, नरेश, शंकर, दुर्गेश, सुरेश, संतोष, नीलू, मनीष, मंबोधी, संतराम, जगमोहन, दल्लू, देवला निषाद, सती, उषा, सुशीला, माहेश्वरी, गेंदी, विंदा, दमयंती, उमा, जामनाई, पुन्नी निषाद आदि मौजूद रहे।



**नर्रा।** ग्राम गांजर में रंगों का त्योहार होली उत्साहपूर्वक मनाया गया। सभी लोगों ने होली का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों सहित सभी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा कर बधाई दी गई।

## ब्रम्हाकुमारियों ने मनाया होली पर्व



**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इस बार होली मिलन समारोह स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में मनाया गया। पूरा ईश्वरीय परिवार बच्चे युवा बुजुर्ग माताएं बहनें सभी बड़े हर्ष उल्लास के सेवा केंद्र पहुंचे। ब्रम्हा कुमारियों ने सभी को आत्म स्मृति का तिलक लगाया। सभी के ऊपर फूलों की वर्षा कर एक आध्यात्मिक होली खेली और गीत संगीत के माध्यम से सभा को अलौकिक बना दिया। तत्पश्चात होली का प्रसाद वितरण किया। ब्रम्हा कुमारी सुषमा ने होली पर्व के आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा कि होली खुशियों का पर्व है और खुशी तब आएगी जब हम सभी अपनी बुराईयां जिनका पांच विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार ईर्ष्या द्वेष नफरत से नाता है उनको परमात्म याद की अग्नि में जलाकर भस्म ना कर दे, जब हम किसी दुःख का अनुभव करने वाली बुराई का त्याग करते हैं तो आत्मा को खुशी और शांति की प्राप्ति होती है, परमात्मा जो हमारे पिता है वे हमसे यही चाहते हैं। होली हमें सिखाती है कि जीवन रंगों की तरह विविधतापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे भारत में सभी पर्वों में आध्यात्मिकता छिपीं है, जो हमें स्वयं का परिवर्तन करने का रास्ता दिखाती है। हमें इस बार की होली पर अपने कमजोर संस्कार का अंतिम संस्कार करना होगा तभी सच्ची होली पर्व कहलायेगी।



### नर्रा स्कूल में मनाया गया होली पर्व, बाल केबिनेट के सदस्य रहे अतिथि

**नर्रा।** शासकीय बालक कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में होलिकोत्सव पर्व पालन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल केबिनेट से मुकेश कुमार यादव, अध्यक्षता पूजा पटेल, विशेष अतिथि रेशमा पटेल, ज्योति निषाद प्रेमशंकर पटेल, त्रमेश कुमार रहें। विशेष मार्गदर्शन के लिए श्रवण कुमार ठाकुर प्रधान पाठक, डिगम लाल साहू प्रधान पाठक, मनीष कुमार यादव सहायक शिक्षक, कुंती दीवान शिक्षिका उपस्थित रहें। बाल केबिनेट के अतिथियों ने होली पर्व पर अपना अपना विचार रखें। तत्पश्चात श्रवण कुमार ठाकुर ने अपने विचार रखहोली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पौराणिक कथा के मुताबिक होली पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डिगम लाल साहू ने गीत भजन प्रस्तुत किया। मनीष कुमार यादव, कुंती दीवान ने भी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभा को संबोधित किए। संचालन भूमिका पटेल व आभार व्यक्त कु दीपाली पटेल ने किया।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने की विधायक से मुलाकात



**नर्रा।** ग्राम पंचायत कोमाखान के जनप्रतिनिधियों में सरपंच एवं पंचों द्वारा खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से सौजन्य भेंट मुलाकात की, जिस पर कोमाखान को विकास की नई दिशा देने वाले व चौमुखी विकास करने वाले पहला विधायक बताया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विधायक यादव से चर्चा के दौरान कोमाखान को प्रगति की ओर ले जाने के लिए कहा। इस अवसर पर सरपंच जंवा बाई कुमार ठाकुर, कोमाखान ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, सरपंच प्रतिनिधि कुमार ठाकुर, गोलू जैन, देवज्ञ चंद्राकर, हुमेश यादव , समीर ख़ान, राजू खरे, मनोज चौधरी, रुखमणि देवांगन, नाजरा खान, शबनम बानो आदि मौजूद रहे।

# सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए चुना वैज्ञानिक नायकराम, जापान में हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय पीजी कॉलेज में पढ़ाई पूरी करने वाले बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा कोमाखान निवासी भारतीय शोध विद्यार्थी नायकराम साहू को जापान के योकोहामा में आयोजित होप मीटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नोबेल पुरस्कार विजेताओं द्वारा प्रदान किया गया।

भारतीय युवा वैज्ञानिक नायकराम ने अपने शोध कार्य के लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया है, जो कि बेतार विद्युत स्थानांतरण पर आधारित है। उन्हें इस कार्य के लिए भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय परिषद से अनुदान प्राप्त है। उनकी इस उपलब्धि पर कोमाखान अंचल सहित पूरा महासमुंद जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यार्थी नायकराम साहू की प्राथमिक शिक्षा शासकीय स्कूल घोयनाबाहरा, माध्यमिक शिक्षा शासकीय उच्चतर विद्यालय कोमाखान, बीएससी गणित शासकीय पीजी कॉलेज महासमुंद, एमएससी भौतिक विज्ञान शासकीय राजीव लोचन कॉलेज राजिम में हुई। वे अभी वर्तमान में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में स्थित एनआईटी से भौतिक विज्ञान विषय पर पीएचडी एवं शोध कार्य कर रहे हैं।

## पालिका के खिलाफ प्रदर्शन की चेतावनी



**महासमुंद।** वार्ड 14 के पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने बताया कि तुमगांव मार्ग में 2 साल से 1 फीट गहरा गड्ढा हो गया था, जिससे कई दुर्घटनाएं हुई है। तीन दिन पहले एक मजदूर का हाथ ठेला पलट गया। गड्ढे को सीमेंट से कांक्रीट कराया गया। राठी ने सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने का कारण नाली का गोबर पानी सड़क में आने के कारण होना बताया है। पालिका प्रशासन से शिकायत के बावजूद ठीक से सफाई नहीं हो रही है। यही स्थिति रही तो नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करने की मजबूरी हो जाएगी। नालियों में गोबर आने से रोकना आवश्यक है। इसके लिए नगर पालिका को कठोर कदम उठाना होगा। अभी भी नाली का पानी कचरा मलबा सड़क में आ रहा है।

# गोशाला में गायों की मौत, कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम कोपरा स्थित शिवबाबा कोपेश्वरनाथ गोशाला में विगत दिनों कई गायों की मौत हुई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू के संयोजकत्व में 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर सदस्य बनाए गए हैं। जांच समिति कोपरा गोशाला जाएंगे एवं ग्रामवासियों से भेंटकर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देंगे।

- वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू बनाए गए जांच समिति के संयोजक



मामले में पुलिस ने शिवबाबा कोपेश्वर नाथ संस्था के अध्यक्ष मनोज साहू और संयोजक हलधरनाथ गोस्वामी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। कोपरा नगर पंचायत के सीएमओ ने पांडुका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2 फरवरी से 7 मार्च तक कुल 19 मवेशियों की मौत हुई है।

### दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

गायों के खानपान एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी शिवबाबा कोपेश्वरनाथ संस्था के अध्यक्ष मनोज साहू और संयोजक हलधरनाथ गोस्वामी की थी, लेकिन दोनों की लापरवाही के कारण पशुओं को समय पर खाना नहीं दिया गया। मशेवियों की बीते एक महीने में असमय मृत्यु हुई। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और बीएनएस के धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। साथ ही पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

## रायपुर से जबलपुर इंदौर हैदराबाद और जयपुर के लिए नई ट्रेनों की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रेलवे की 2,731 किलोमीटर लंबाई की 25 परियोजनाओं पर 37,018 करोड़ रुपए की कार्ययोजना व निर्माण प्रक्रिया में है, जिनमें से 882 किलोमीटर कार्य पूरा किया जा चुका है। यह जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के छत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास कार्यों को लेकर किए गए प्रश्न के जवाब में दी। श्री अग्रवाल ने रेलमंत्री से पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में स्वीकृत रेलवे परियोजनाओं, उनके कार्यान्वयन की स्थिति, लंबित परियोजनाओं के कारणों और नई रेलगाड़ियों की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी मांगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, वर्ष 2009-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान नई रेल पटरियों की कमीशनिंग 15 गुना बढ़ी है। वर्ष 2009-14 में सिर्फ 32 किमी. रेललाइन बिछाई गई थी, जबकि 2014-24 में 999 किलोमीटर रेललाइन चालू की गई। रेलवे बजट आवंटन भी वर्ष 2009-14 में 311 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष से 2024-25 में बढ़कर 6922 करोड़ रुपए हो गया है, जो 22 गुना वृद्धि दर्शाता है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों की गई जांच

**महासमुंद।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार होली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नम्रता चौबे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सरायपाली तथा हरिशंकर पैकरा, अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के मार्गदर्शन में ज्योति भानु, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए 12 मार्च को सरायपाली विकासखंड के कुल 04 खाद्य प्रतिष्ठानों मेसर्स क्षीरसागरम स्वीट्स से खाद्य पदार्थ फुट कसाटा, मेसर्स महालक्ष्मी स्वीट्स से खाद्य पदार्थ पेड़ा एवं बेसन लड्डू, मेसर्स सामंतराय होटल से खाद्य पदार्थ चमचम, मेसर्स अमृत होटल से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संकलित किया गया। उक्त खाद्य नमूना को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी, रायपुर को प्रेषित किए गए है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई में श्रीधर पंडा, तहसीलदार, सरायपाली एवं नगरपालिका तथा राजस्व के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। होली के त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए बहुतायत उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थो जैसे मिठाईयां, खाद्य तेल, आटा, बेसन, मैदा, कोल्ड ड्रिंक, मिर्च व हल्दी पाउडर, नमकीन आदि जांच की गई।

## निधन

### बसंती हिरवानी



**महासमुंद।** स्थानीय क्लबपारा निवासी बसंती हिरवानी 74 वर्ष का 13 मार्च को निधन हो गया। अंतिम संस्कार बरौदा विधान नगर रायपुर में किया गया। वे भूमि विकास बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी सेवाराम हिरवानी की पत्नी व हरिशंकर, अश्वनी व शैलेंद्र हिरवानी की मां थी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण

## पोषण भी, पढ़ाई भी, तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ, आंबा कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला एवं बाल विकास विभाग, शहरी परियोजना महासमुंद द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के क्षमता निर्माण के उद्देश्य से तीन दिवसीय 'पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विकसित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देना था। 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन नवचेतना पाठ्यक्रम लागू किया गया है। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के तहत आधारशिला पाठ्यक्रम को अपनाया गया है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के संज्ञानात्मक, भाषा, संवेगात्मक, रचनात्मक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

महासमुंद शहरी परियोजना के कुल 67 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे एवं अंतिम दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण, केस स्टडीज एवं नवीनतम शैक्षिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस तरह, पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा और पोषण नीतियों से जागरूक किया गया। अंतिम दिन जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय ने पोषण 2.0 की अवधारणा को व्यवहारिक तरीके से बताया। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों के अनुरूप और निर्धारित किए गए लक्ष्यों के अनुरूप हमें कार्य करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों को और ज्यादा प्रभावी बनाना है जहां केवल पोषण की ही बात नहीं होगी बल्कि पढ़ाई को भी विशेष प्राथमिकता में रखा गया है। सहायक संचालक जनसंपर्क पोषण साहू ने शासकीय योजनाओं की जानकारी और महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी। साथ ही सुशासन की अवधारणा को स्पष्ट किया। प्रथम सत्र में योग प्रशिक्षक सत्यनारायण दुर्गा के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योग के महत्व को बताया गया एवं महत्वपूर्ण योग विधाओं का प्रदर्शन कर स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए अपनाने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी शैल नाविक, पर्यवेक्षक शीला प्रधान सहित शहरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।




## राजनीति : नवनिर्वाचित परिषद का प्रथम सम्मेलन 17 को

# नपाध्यक्ष-पार्षद के बाद अब उपाध्यक्ष के लिए घमासान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

■ सम्मेलन को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारियां




नगर पालिका बागबाहरा की नवनिर्वाचित परिषद का प्रथम सम्मेलन 17 मार्च को किया जाएगा। इस सम्मेलन में नगर पालिका के उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसके लिए पीठासीन अधिकारी एसडीएम उमेश साहू को बनाया गया है। सम्मेलन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नपा उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने भी रणनीति बनाना शुरू कर दी है।

पीठासीन अधिकारी एसडीएम उमेश साहू ने बताया कि सुबह 09 बजे नवनिर्वाचित पार्षदों को सम्मेलन बुलाया गया है। सबसे पहले कोरम की पूर्ति होगी। इसके बाद उपाध्यक्ष के लिए नामांकन लिए जाएंगे। नामांकन के बाद यदि जरूरी हुआ तो उपाध्यक्ष पद के लिए पार्षदों से मतदान कराया जाएगा। मतदान दोपहर 1.30 से 3.45 के बीच सभी पार्षद मतदान करेंगे। मतदान के बाद ही शाम 4 बजे परिणामों की घोषणा की जाएगी। उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। भाजपा में जहां उपाध्यक्ष को लेकर 4 पार्षद अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से भी 3 पार्षद दावेदार की हैं। इस बार के संपन्न हुए चुनाव की बात करें तो 15 सदस्यों वाले नगर पालिका में कांग्रेस का नगर पालिका अध्यक्ष सहित 06 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। वहीं भाजपा के 08 पार्षद निर्वाचित हुए हैं और 01 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं। भाजपा की ओर उपाध्यक्ष के प्रेम साहू जो पूर्व मंडल अध्यक्ष के साथ ऐसे वार्ड 11 से जीत कर आए, जहां पिछले 20-25 सालों से कांग्रेस का कब्जा था, लेकिन, इस बार उन्होंने भाजपा का परचम लहराया। पहली बार पार्षद चुने गए है। वहीं दूसरा नाम उदय चंदेल का जो वार्ड 13 से निर्वाचित हुए हैं जो युवा के साथ नगर पालिका के सभी पार्षदों से सबसे अधिक मत से विजय हुए है उन्हें भाजपा के कद्दावर नेता और चुनावी रणनीति में माहिर खिलाड़ी का समर्थन प्राप्त है। तीसरे नंबर पर कुलेश देवांगन पार्षद निर्वाचित हुए हैं वे पूर्व में भी पार्षद रहे हुए हैं। भाजपा संगठन में भी अभी वर्तमान में विशेष रूचि दिखा रहे हैं। वहीं महिला उपाध्यक्ष की बात करें तो जिसमें श्यामा लोकू चंद्राकर का नाम चर्चा में है। पति-पत्नी लगातार चार बार से पार्षद निर्वाचित होते आ रहे हैं।

वहीं कांग्रेस की बात करें तो जिसमें प्रथम स्थान पर देवेश साहू का नाम चल रहा है। देवेश साहू पूर्व में भी पार्षद रह चुके हैं तथा कांग्रेस की ओर से उपाध्यक्ष पद हेतु प्रबल दावेदार दिखाई रहे। वही महिला उपाध्यक्ष की बात करें तो कांग्रेस की ओर से मेनका पोखराज साहू का नाम भी चर्चा में है। 17 मार्च को होने वाले उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर अब यह देखना लाजिमी होगा कि भाजपा कांग्रेस किसे अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित करती है तथा किसके सर उपाध्यक्ष का ताज सजेगा यह होने वाले चुनाव के बाद ही पता चलेगा।

# आयुष्मान से गड़बड़ी, 3 निजी अस्पताल इम्पैनल से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई निजी अस्पतालों के विरूद्ध अनावश्यक अधिक राशि वाले पैकेज ब्लॉक करने, ओपीडी के मरीजों को अनावश्यक आईपीडी में ब्लॉक करने, बिना मरीज के पैकेज ब्लॉक करने, बिना विशेषज्ञ व सुविधा के ही इलाज करने सहित कई तरह की शिकायतों के बाद जिले के जिला मुख्यालय के आदित्य हॉस्पिटल और सरायपाली के ओम हॉस्पिटल व भारती हॉस्पिटल को 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पतालों से पिछले कुछ माह से छोटी बीमारियों को बड़ा बताकर आयुष्मान से रुपए गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। पखवाड़ेभर पूर्व ही केंद्रीय जांच टीम ने इन अस्पतालों के रिकॉर्ड की जांच की थी जिसके बाद गड़बड़ी का खुलासा हुआ। गुरुवार को फर्जीवाड़ा कर रहे जिले के तीन अस्पतालों को इस योजना के इम्पैनल से बाहर कर दिया गया। दरअसल, आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों का उपचार करने वाले सरकारी अस्पतालों को भी पैकेज की राशि दी जाती है। बता दें कि राज्य शासन द्वारा कुछ बीमारियों का इलाज सरकारी अस्पतालों में ही कराने का प्रावधान किया गया है। इनमें नेत्र आपरेशन, दंत रोग, गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन, पाइल्स समेत दर्जनों रोग शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के तहत जिन भी बीमारियों का इलाज किया जाता है, उनके एवज में मिलने वाले पैकेज की रकम संबंधित डॉक्टर्स के साथ ही अन्य सहयोगी स्टाफ को इंसेंटिव के रूप में बांटी जाती है। लेकिन खुलासा हुआ कि कुछ सरकारी अस्पताल के डॉक्टर, स्टाफ इंसेटिव के लालच में फर्जी मरीज भर्ती कर रहे हैं। यानी जिस तरह फर्जीवाड़ा निजी अस्पतालों में उजागर हुआ है वैसे ही कई सरकारी अस्पतालों में भी किया गया है। अन्य सहयोगी स्टाफ को इंसेंटिव के रूप में बांटी जाती है। जांच में खुलासा हुआ कि कुछ सरकारी अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ इंसेटिव के लालच में फर्जी मरीज भर्ती कर रहे हैं।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, शिक्षार्थियों के आंकलन के लिए 23 को महापरीक्षा

**महासमुंद।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक प्रौढ़ शिक्षार्थी के आंकलन के लिए महापरीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कमल नारायण चंद्राकर ने बताया कि जिले में आंकलन के लिए 823 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उक्त केंद्र के लिए 823 केंद्राध्यक्ष सह मूल्यांकनकर्ता, पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। जिला व विकासखण्डवार मॉनिटरिंग दल का गठन कर लिया गया है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले के 9040 असाक्षर महापरीक्षा अभियान में शामिल का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षार्थी सुविधा अनुसार निर्धारित समय के भीतर आंकलन में सम्मिलित हो सकेंगे। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए तीन घंटे का समय दिया जाएगा। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी समिति जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड परियोजना अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण को महापरीक्षा अभियान के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। इससे पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एस. आलोक ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि शिक्षार्थी आंकलन में गुणवत्ता बनाए रखने की दृष्टि से यह आवश्यक है कि केवल ऐसे शिक्षार्थी ही आंकलन में शामिल होंगे, जिन्होंने 200 घंटे की पढ़ाई पूरी कर ली हो व जिनका नाम उल्लास पोर्टल में अपलोड हो और जिनके द्वारा उल्लास साक्षरता केंद्र में उल्लास प्रवेशिका का पठन.पाठन पूर्ण कर लिया हो।

# पांचवी एवं आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा के प्रश्न पत्र सुरक्षित रूप से पहुंचाए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से पांचवी एवं आठवीं कक्षा की केंद्रीयकृत परीक्षा के प्रश्न पत्रों को सभी विकासखंडों तक सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। बुधवार को पांचों विकासखंडों के 15 पुलिस थानों में सुव्यवस्थित बसों के माध्यम से प्रश्न पत्रों को सुरक्षित पहुंचाया गया। कक्षा पांचवी हेतु 1429 परीक्षा केंद्रों एवं कक्षा आठवीं हेतु 589 परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्न पत्रों के पैकेट सील बंद पेटियों में रखे गए हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में परिवहन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस वर्ष परीक्षा में कक्षा पांचवी के 17,130 विद्यार्थी एवं कक्षा आठवीं के 17,851 विद्यार्थी भाग लेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी विकासखंड अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य, 17 मार्च 2025 से होने वाली परीक्षा में प्रत्येक परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष को प्रश्न पत्र पैकेट परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले उपलब्ध कराएंगे।

## सडक़ हादसे में मृत हेमंत सहित अन्य दो युवकों को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** गत 9 मार्च को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में भीषण सडक़ दुर्घटना में मृत पीढ़ी निवासी हेमंत चंद्राकर (30) सहित मुरारी चंद्राकर (49), हर्ष चंद्राकर (27) की दर्दनाक मृत्यु हो जाने पर छग शिक्षक संघ जिला इकाई ने विनम्र श्रद्घांजलि अर्पित करते हुए परिवार को दुख सहने करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

ज्ञातव्य हो कि हेमंत चंद्राकर छग शिक्षक संघ के जिला सचिव तिलक चंद्राकर के दामाद थे। उनकी शादी गत 24 जनवरी 2025 को हुई थी। इस हृदय विदारक घटना के चलते छग शिक्षक संघ द्वारा वर्षों से आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह को स्थगित कर दिया गया है। प्रांतीय महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय उपाध्यक्ष टेकराम सेन, संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले द्वारा श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि छग शिक्षक संघ इस दुख की घड़ी में मृत युवकों के परिवार के साथ है। उन्होंने भी महासमुंद में आयोजित होने वाला कार्यक्रम स्थगित होने की घोषणा की है। श्रद्घांजलि सभा मोती गार्डन महासमुंद में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन, राजेंद्र इंगोले, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, जितेंद्र चंद्राकर, सुशील शर्मा, नेमीचंद अग्रवाल, मन्नूलाल साहू, प्रमोद कन्नौजे, गैंदराम साहू, मानिक साहू, कुबेर साहू, लक्ष्मीकांत सिन्हा, केके चंद्राकर, राजकुमार वर्मा सहित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# नवसाक्षरों को अनिवार्य रूप से परीक्षा में शामिल कराने दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित समावेशी शिक्षा गैप एनालिसिस एवं आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) साक्षरता, भारत कमल नारायण चंद्राकर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि 23 मार्च को परीक्षा महाअभियान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि नव साक्षरों को अनिवार्य रूप से परीक्षा में शामिल कराएं। परीक्षा के लिए सभी प्राथमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी शिक्षकों को उल्लास नव भारत साक्षरता का शपथ दिलाया गया। उल्लेखनीय है कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी असाक्षरों का चिन्हांकन कर उनकी जानकारी पोर्टल में दर्ज की गई थी। स्वयंसेवकों द्वारा इन नव साक्षरों को शिक्षित किया गया है, और अब उन्हें परीक्षा में सम्मिलित करना आवश्यक है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, लीलाधर सिन्हा ने भी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य सभी बच्चों को समान अवसर प्रदान करना है, चाहे वे दिव्यांग हों या सामान्य बच्चे। कार्यक्रम में बीआरसीसी महासमुंद, जागेश्वर सिन्हा ने उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि बच्चों को शिक्षा की सभी सुविधाएं सुगम रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर अनिता निर्मलकर बीआरपी, तुलसी साहू स्पेशल एजुकेटर, लव निर्मलकर सक्रिय पीएलसी सदस्य, मुकेश निषाद साइट सेवर, पवन साहू, केशव साहू, एवं भुनेश्वर साहू उपस्थित रहे।




# महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में प्राचार्य डॉ.पुरुषोत्तम झा के मार्गदर्शन में महिला दिवस मनाया गया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ झा ने महिलाओं के योगदान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए विद्यालयीन छात्र छात्राओं के कर्तव्य, और समाज के हर तबके तक शिक्षा स्वास्थ्य एवं कौशल विकास कर स्वास्थ्य समाज की स्थापना के लिए आह्वान किया। डॉ. मोनिका ने महिलाओं में होने वाले रोगों, स्वच्छता से बचाओ, अच्छी खानपान की आदतें अपनाने के ट्रिक्स आपस में शेयर करते हुए स्वास्थ्य जीवन का राज बताया। सेवानिवृत्त कुष्ठ विशेषज्ञ डा अरुण शुक्ला ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य समस्याएं और उनका समाधान पर चर्चा करते हुए कुष्ठ जनित रोगों के लिए जनजागरुकता, शासन की योजनाएं एवं समुन्नत प्रयास में महाविद्यालय के योगदान को रेखांकित किया। सहायक प्राध्यापक डा भूमिका शर्मा एनीमिक समस्याओं से कैसे बचें, मौसमी बीमारी सर्दी, खांसी, बुखार जैसे सामान्य बीमारी का प्राकृतिक उपचार, वनौषधि पर विचार रखे। आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता हेमचंद साहू ने किया महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालयीन छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्राथमिक स्वस्थ केंद्र के प्रभारी डॉ मोनिका चंद्राकर अपने स्टाफ नर्स अनिता दीवान, सेवानिवृत्त कुष्ठ विशेषज्ञ डॉ अरुण शुक्ला ने हीमोग्लोबिन, रक्त चाप, पल्स, सिकलसेल, मधुमेह, सहित रक्त संबंधी परीक्षण उपरांत डाइट्स के सुझाव, औषधीय उपचार स्वच्छता पर जानकारी के साथ दवा वितरण किया गया।







